RAF SECTOR
NEWS CLIP
13/04/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar (Hazaribagh,JKD)

रामनवमी पर्व को लेकर प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

फ्लैग मार्च करते रैप के जवान.

हजारीबाग. रामनवमी पर्व शांति व भाइचारगी माहौल में मनाने को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने शहर के मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च किया. इसका नेतृत्व सदर एसडीओ मेघा भारद्वाज, प्रशिक्षु आइएएस कृतिश्री व सदर एसडीपीओ कमल किशोर ने किया. फ्लैग मार्च में रैप, जैप, आइआरबी, जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे. फ्लैग मार्च में जिला प्रशासन व जिला पुलिस प्रशासन के अधिकारी आगे-आगे चल रहे थे. जिला पुलिस बल पीटीसी के दो घोड़े को मार्च में शामिल किया. शहर के मेन रोड से इंद्रपुरी चौक, झंडा चौक, मस्जिद रोड, पंच मंदिर चौक होते हुए लेपोरोड समेत विभिन्न मार्गों पर जवानों ने फ्लैग मार्च किया.

फ्लैग मार्च में तीन कंपनी के फोर्स शामिल: रामनवमी पर्व में अमन व चैन कायम रहे, इसको लेकर जिला प्रशासन ने भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारी व जवानों को प्रतिनियुक्त की है. शुक्रवार की शाम जैप की एक कंपनी, रैप की एक कंपनी, आइआरबी की एक कंपनी शहर के सभी मार्गों में फ्लैग मार्च किया. संवेदनशील व अतिसंवेदनशील इलाकों में पुलिस की विशेष नजर रहेगी. सभी चौक-चौराहों पर जवानों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है. पांच हजार से अधिक जवानों की प्रतिनियुक्ति की गयी है. सभी जवानों को पाली के हिसाब से ड्यूटी करनी है. ड्यूटी में लापरवाही करनेवाले पुलिस पदाधिकारी व जवानों पर कार्रवाई की जायेगी.

Hindustan (Hazaribagh,JKD)

अमन-चैन के लिए शहर में फ्लैग मार्च

शुक्रवार को हजारीबाग के काजी मुहल्ला में फ्लैग मार्च करते जवान। • हिन्दुस्तान

हजारीबाग। हमारे प्रतिनिधि

शनिवार से शुरू हो रहे हजारीबाग के प्रसिद्ध रामनवमी महोत्सव को लेकर शहर कर चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। यहां के रामनवमी मार्ग में बैरिकेडिंग और ड्रॉप गेट बनाने का काम तेजी से चल रहा है।

रामनवमी में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शहर में फ्लैग मार्च हुआ। पुलिस लाइन से एसपी मयूर पटेल के नेतृत्व में अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियों ने शहर के जुलूस मार्ग और संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। इसमें एसडीओ मेघा भारद्वाज, अपर समाहर्ता दिलीप तिर्की, डीएसपी कमल किशोर, डीएसपी विवेकानंद ठाकुर, पुलिस निरीक्षक कपिल देव सिंह, सदर थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह के अलावा प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी शामिल हुए। फ्लैग मार्च में सीआरपीएफ, रैपिड एक्शन फोर्स, जैक व अन्य अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियां शामिल थी।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।